# डाक टिकट जारी होना गर्व की बात: जनरल डीपी वत्स



**हांसी क्रांति न्यूज**

**हिसार, :** केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री जी.किशन रेड्डी ने नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में चेतक ग्रुप के संस्थापक स्व. जयकरण शर्मा की असाधारण उपलब्धियों को सम्मान देने के लिये मरणोपरांत उनके नाम से द लॉजिस्टिक मैन ऑफ इंडिया का नाम देकर डाक टिकट जारी की है। इस अवसर पर पोस्ट मास्टर जनरल अशोक कुमार, चेतक ग्रुप की चेयरपर्सन कृष्णा शर्मा, उनके पुत्र मुकेश हरितस, राजेश व सचिन हरितस, भाई रामफल शर्मा, भाभी संतोष देवी, पुत्री भावना, समधी एम.पी.शर्मा (सीएमडी अनिल कार्गो प्रा. लि.), राजबाला शर्मा (धर्मपत्नि रामबिलास शर्मा), प्रमिला शर्मा (धर्मपत्नि विनोद मुद्गल) सहित अनेक सगे सम्बंधियों के अलावा देश-विदेश के कई गणमान्य नागरिक व ट्रांसपोर्ट जगत की कई हस्तियां उपस्थित रही। यह जानकारी देते हुए भगवान परशुराम जन सेवा समिति के संस्थापक योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि समिति के सरपरस्त एम.पी.शर्मा (सीएमडी अनिल कार्गो प्रा. लि.) के समधी स्व. जयकरण के नाम पर डाक टिकट जारी होना समाज के लिये गौरव की बात है। समिति के मुख्य संरक्षक व राज्यसभा सांसद जनरल डी.पी.वत्स ने अपने वक्तव्य में शर्मा परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने स्व. जयकरण शर्मा को पूरा सम्मान दिया है। यह देश के लिये गर्व की बात है। दिल्ली में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय पर्यटन मंत्री और संस्कृति मंत्री जी.किशन रेड्डी ने कहा कि हरियाणा के भिवानी जिले के छोटे से गांव झींझर में किसान परिवार में जन्मे जयकरण शर्मा ने बिना पूंजी के लॉजिस्टिक का देश में बड़ा साम्राज्य खड़ा कर दिया। आज देश-विदेश में चेतक समूह की 60 शाखाएं हैं जिनमें हजारों लोगों को रोजगार मिला हुआ है। अब उनके पुत्र भी पिता द्वारा दिखाये मार्ग पर चल रहे हैं। याद रहे चेतक ग्रुप द्वारा गांव झींझर में एक धर्मशाला व हॉस्पिटल बनाया हुआ है। शर्मा परिवार द्वारा गऊ सेवा, गरीब बच्चों का विवाह, आंखों के कैम्प, धर्म व पुण्य के कई कार्य किये जाते हैं जिसमें स्वॅ. जयकरण शर्मा की धर्मपत्नि कृष्णा शर्मा का प्रमुख योगदान रहता है। वहीं उनके समधी एडवोकेट एम.पी.शर्मा (सीएमडी अनिल कार्गो प्रा. लि.) भी अपने व्यवसाय के साथ सामाजिक कार्य जैसे गरीब कन्याओं की शादी, स्कूलों में स्वेटर वितरण, वाटर कूलर लगाना, गौशाला का निर्माण आदि में अपनी अग्रणी भूमिका निभाते हैं।

# एस. डी. मॉडर्न पब्लिक स्कूल में तीज के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**हांसी क्रांति न्यूज**

**हांसी , :** एस. डी. मॉडर्न पब्लिक स्कूल के परिसर में तीज के उपलक्ष्य में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्री नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भाग लिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने रंग-बिरंगी पोशाकें पहनी हुई थी व सावन मास से सम्बन्धित गानों पर छोटे- छोटे बच्चों ने बड़े ही मनमोहक अंदाज़ में थिरक कर प्रस्तुति दी। प्राचार्य सुरिंदर अरोड़ा ने बताया कि हरियाली तीज सावन मास का एक बड़ा त्योहार है। इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से बच्चों को अपनी सांस्कृतिक विशेषताओं का ज्ञान होता है व उनके अंदर उमंग उत्साह व आत्मविश्वास का संचार होता है। प्रबन्धक समिति के प्रधान सज्जन अग्रवाल, चन्द्रभान गर्ग, प्रकाश बंसल, रजत अग्रवाल व नकुल अग्रवाल ने तीज कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई दी।